Discovery of new oil reserves in the Bombay High

147. SHRI S. S. AHLUWALIA: Will the Minister of PETROLEUM AND CHEMICALS be pleased t> state:

(a) whether it is a fact that new oil reserves have been discovered in the Bombay High by the ONGC;

(b) if so, what are the details thereof;

(c) whether it is also a fact that ONGC has decided to encourage private participation in oil exploration and production in the country; and

(d) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND CHEMICALS AND PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA): (a) While Bombay High is at already discovered field which is currently under exploitation, ONGC have made a number of new oil and gas discoveries in the Bombay Offshore region, neighbouring the Bombay High field.

(b) During the year, 1990-91, 9 discoveries of oil and gas were made in fields | structures known as B-163, B-188, B-149, B-157, WO-3, BS-13, B-192, R-15A and B.126.

(c) and (d) The issue of inviting private Indian and International Companies to bid for exploration for oil and gas the proposed Fourth Round of bidding is under consideration of Government.

एल०पी०जी० बॉटलिंग प्लांट, सवाई माधोपुर के परिसर में बम का पाया जाना

148. **डा० अबरार अहमद :** क्या **पेट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कुछ समय पहले एल०पी०जी० बाटलिंग प्लांट, सवाई

माधोपुर के परिसर के भीतर एक ट्रक में बम पाया गया था ;

(ख) यदि हां, तो इस वारदात के लिये दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गयी है और उन्हें क्या दण्ड दिया गया है ;

(ग) क्या सरकार ने उन परिस्थितियों की जांच की है जिनमें यह वस्तु प्लांट के भीतर ले जायी गयी थी ;

(घ) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि प्लांट में हुई इस घटना को अधिकारियों द्वारा रफा-दफा कर दिया गया था ; और

(ङ) क्या सरकार इस मामले की जांच कराने के आदेश देने का विचार रखती है ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री सत्य प्रकाश मालवीय) : (क) से (ङ) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

एल०पी०जी० सिलैंडरों की ढुलाई के लिए सड़क परिवहन प्रभारों में संशोधन

149. **डा० अबरार अहमद :** क्या **पेट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सवाई माधोपुर स्थित इंडियन ऑयल कार्पोरेशन के एल.पी.जी. बॉटलिंग प्लांट, किन-किन स्थानों को ट्रक द्वारा एल०पी०जी० सिलेण्डर भेजे जाते हैं तथा उनमें से प्रत्येक स्थान और सवाई माधोपुर के बीच कितनी-कितनी दूरी (आर. टी. डी) है;

(ख) क्या हाल ही में इनमें से कुछ स्थानों की आर.टी.डी. में संशोधन किया गया है, यदि हां, तो उन स्थानों के नाम क्या-क्या हैं, उनकी संशोधित दूरी कितने-कितने कि० मी० है तथा उसके क्या कारण हैं ;